THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): (a) The need for making such an estimate did not arise as the damage to the buildings was repaired by the DRVN authorities without any obligation for payment on our part.

(b) Yes, Sir. An oral protest was lodged with the U.S. Charge d' Affaires in New Delhi.

(c) No Sir.

**मिनी ट्रैक्टरों का निर्माण**

2437 **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या भारी उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बम्बई की एक फर्म "आटोमेटिव एग्रीकल्चरिस्ट्स" ने मिनी ट्रैक्टर बनाने की योजना बनाई है, और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य ब्योरा क्या है और इस बारे मे सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**भारी उद्योग मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)**: (क) भारी उद्योग मंत्रालय के सामने इस प्रकार की कोई योजना नहीं आई है।

(ख) प्रश्न ही नही उठता।

**देश में निर्मित ट्रैक्टर और उनकी कीमत**

2438. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या भारी उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्ष के दौरान देश में कितने ट्रैक्टरो का निर्माण किया गया ;

(ख) किन-किन कम्पनियो द्वारा शत-प्रतिशत स्वदेशी सामान से ट्रैक्टरों का निर्माण किया जा रहा है और किन-किन कम्पनियों द्वारा विदेशी सहयोग से ट्रैक्टरों का निर्माण किया जा रहा है; और

(ग) गत वर्षों में विभिन्न किस्मों के ट्रैक्टरों (जेटर, फर्ग्यूसन, हिन्दुस्तान, एस्कार्ट, आइशार, फोर्ड और किर्लोस्कर) की कीमतो में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है और मार्च, 1971 में उनकी कीमत क्या थी और जनवरी, 1973 में उसकी कीमत कितनी है ?

**भारी उद्योग मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) पिछले दो वर्षों मे ट्रैक्टरों का निम्नलिखित उत्पादन हुआ :—

| | | |
|---|---|---|
| 1971 | 16,440 | ट्रैक्टर |
| 1972 | 18,301 | ट्रैक्टर |

(ख) इस समय कोई भी एकक 100 प्रतिशत देशी माल से कृषि-ट्रैक्टरो का निर्माण नहीं कर रहा है।